# २४. हमारे कपड़े

**बताओ तो**








१ २ ३

ऊपरवाले सभी चित्र ध्यान से देखो । ये चित्र किन दिनों के हैं, चौखटों में लिखो :

१. पहले चित्र में लोगों ने किस प्रकार के कपड़ों का उपयोग किया है ?
२. वे ऐसे कपड़ों का उपयोग किस कारण कर रहे हैं ?
३. दूसरे चित्र में लोग किस प्रकार के कपड़े पहने हुए दीख रहे हैं ?
४. रेनकोट और छाते का उपयोग लोग किन दिनों में करते हुए दिखाई दे रहे हैं ?
५. विभिन्न दिनों में परिसर के लोगों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले कपड़ों की सूची बनाओ ।

- अलग-अलग दिनों में कपड़ों में ऐसे परिवर्तन क्यों हुए हैं ?
- क्योंकि उन दिनों में वहाँ के वातावरण में परिवर्तन हो गए हैं ।
- इन परिवर्तनों से शरीर का संरक्षण करने के लिए हमें कपड़ों की आवश्यकता होती है ।

**क्या तुम जानते हो**




- वातावरण में ऐसा परिवर्तन होने के कारण वर्ष के मुख्य रूप से तीन भाग बन गए हैं । उन्हें **ऋतुएँ** कहते हैं ।
- **गरमी, बरसात, सरदी,** ये तीन ऋतुएँ हैं ।
- प्रत्येक ऋतु सामान्यत: चार महीनों की अवधिवाली होती है ।
- ऋतुएँ एक के बाद एक निरंतर तथा क्रमश: आती रहती हैं । इसे **ऋतुचक्र** कहते हैं ।
- ऋतुओं के अनुसार प्रकृति तथा परिसर में भी परिवर्तन होते रहते हैं ।

## इसे सदैव ध्यान में रखो

मनुष्य एवं अन्य सजीवों के जीवन पर ऋतुओं का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है । प्रत्येक ऋतु के अनुसार हम अलग-अलग कपड़े पहनते हैं और अपने आहार में परिवर्तन करते हैं । खेती तथा अन्य व्यवसायों पर भी ऋतुओं का प्रभाव पड़ता है । ऋतुओं के अनुसार प्रकृति में भी कई प्रकार के परिवर्तन होते हैं । मनुष्य को इन परिवर्तनों के साथ स्वयं को अनुकूल रखना उत्तम होता है ।

## थोड़ा सोचो

- गरमी, बरसात और सरदी, ये ऋतुएँ कौन-कौन-से महीनों में आती हैं ?
- सरदी में ठंड से संरक्षण के लिए हम गरम कपड़े पहनते हैं । यदि गरमी में ऐसे कपड़े पहनें तो क्या होगा ?
- मनुष्य के अतिरिक्त अन्य प्राणी कपड़े नहीं पहनते फिर ठंड से उनका संरक्षण कैसे होता है ?
- सरदी में बहुत-से वृक्षों की पत्तियाँ झड़ जाती हैं । इन वृक्षों में पत्तियाँ फिर से कब आती हैं?

---

## करके देखो



१. आस-पास के लोगों ने पहने हुए कपड़े देखो ।
२. निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर उनके कपड़ों की भिन्नता लिखो ।
(१) रंग (२) प्रकार (३) व्यवसाय के अनुसार गणवेश ।





### कपड़ों की विविधता

- हमारा देश बहुत बड़ा होने के कारण प्रदेशों (राज्यों) के अनुसार लोगों के कपड़ों में विविधता पाई जाती है ।
- पुरुष शर्ट-पैंट के अतिरिक्त धोती-कुरता, पायजामा, लुंगी जैसे कपड़े पहनते हैं । उसी प्रकार सिर पर टोपी, मुँड़ासा, साफा, पगड़ी इत्यादि भी पहनते हैं।

- स्त्रियाँ तथा लड़कियाँ साड़ी, सलवार-कमीज, फ्रॉक तथा पैंट-शर्ट भी पहनती हैं ।
- पर्व, उत्सव तथा समारोह में लोग सज-धजकर (बन-ठनकर) जाते हैं । कुछ लोग पारंपरिक वस्त्र पहनते हैं । आकर्षक जरीवाले कपड़े पहनते हैं। तुमने देखा होगा कि लोग अलग-अलग रंगों, प्रकारों और बेल-बूटेदार कपड़े पहनते हैं । इसी को कपड़ों की विविधता कहते हैं । मुख्य रूप से ऋतुओं के अनुसार कपड़ों का चुनाव करना पड़ता है परंतु पसंद, सुविधा और व्यवसाय के अनुसार भी लोग कपड़ों का चयन करते हैं। विभिन्न परंपराओं के अनुसार भी कपड़ों में विविधता पाई जाती है ।





तुम पाठशाला जाते समय गणवेश पहनते हो । सभी विद्‌यार्थी एक ही प्रकार का गणवेश पहनने के कारण तुम पाठशाला में एक जैसे दीखते हो । तुम्हें एक अलग ही पहचान मिलती है । इसी प्रकार कुछ व्यवसायों में भी गणवेश पहने जाते हैं । विभिन्न प्रकार के ऐसे व्यवसायों की जानकारी प्राप्त करो ।



**मैं कौन हूँ ?**

१. सफेद कोट (एप्रन) पहनकर मैं लोगों की जाँच करता हूँ । ______

२. मैं नीले कपड़े पहनता हूँ और आग लगने पर उसे बुझाता हूँ । ______

३. खाकी कपड़े में मैं तुम लोगों को प्रतिदिन दीखता हूँ । कहीं मार-पीट होती है तो मैं वहाँ पहुँचता हूँ । ______

४. मैं अस्पताल में होती हूँ और रोगियों की सेवा करती हूँ । ______

५. मैं देश के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहता हूँ । ______







## थोड़ा सोचो

१. कमल को मामा जी के पास पैदल जाना है परंतु तेज बरसात हो रही है । बिना भीगे मामा जी के पास जाने के लिए उसे क्या करना पड़ेगा ?

२. जेकब ने ऊनी कपड़े पहने हैं परंतु उसे अत्यधिक गरमी लग रही है । उसे कौन-से कपड़े पहनना ठीक रहेगा ?



## अब क्या करना चाहिए

मनजीत और सानिया दोनों ठंडी हवावाले किसी स्थान की सैर पर जाने वाले हैं । तुम्हारे विचार से वहाँ उपयोग में लाने के लिए उन्हें निम्नलिखित में से क्या-क्या साथ ले जाना चाहिए? तुमने जो भी चित्र चुने हैं, उनके नीचेवाली चौखटों में ✓ ऐसा चिह्न बनाओ ।



### क्या तुम जानते हो

सैनिकों का गणवेश प्राकृतिक वातावरण से मिलता-जुलता होता है । ऐसी युक्ति इसलिए की जाती है कि वे शत्रुओं की सेना को आसानी से न दिखाई दें । उदा. मरुस्थलीय प्रदेशों में खाकी कपड़े, जंगली प्रदेशों में हरे कपड़े तो हिमालय जैसे बरफीले प्रदेश में वे सफेद कपड़े पहनते हैं।

### हमने क्या सीखा

* ऋतुचक्र (जलवायु) के अनुसार कपड़ों में परिवर्तन करना पड़ता है ।
* पसंद, व्यवसाय तथा परंपरा के अनुसार कपड़ों में विविधता पाई जाती है ।

## स्वाध्याय

**(अ) संक्षेप में उत्तर लिखो :**

(१) तुम एक वर्ष में कौन-कौन-सी ऋतुओं का अनुभव करते हो ?

(२) ऋतुओं के अनुसार कपड़ों में परिवर्तन क्यों करना पड़ता है ?

(३) तीन ऐसे व्यवसायों के नाम लिखो, जिनमें गणवेश पहनना पड़ता है । उन व्यवसायियों के नाम लिखो जिनका उल्लेख प्रकरण में नहीं किया गया है ।

(४) अपने परिसर के कुछ पारंपरिक कपड़ों के नाम लिखो ।

### उपक्रम

- कपड़े की किसी दुकान अथवा प्रदर्शनी में जाओ । उन कपड़ों में से जो तुम्हें पसंद हों, उन कपड़ों के चित्रों का आरेखन करो । लगभग चार पंक्तियों में उनकी जानकारी भी दो ।

HSHBLS

***